# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 04 मार्च, 2022

----

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

Total Short Notice Question- 14

----

### योजना का लाभ

*20 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के संबद्ध माध्यमिक विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विगत दो शैक्षणिक सत्रों से मुख्यमंत्री साईकिल योजना, पोशाक योजना तथा छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि ऐसे विद्यालयों को डी०बी०टी० योजना से भी आच्छादित किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजकीय, राजकीयकृत एवं प्रोजेक्ट कन्या विद्यालयों के साथ-साथ प्रश्नांकित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी इस योजना का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### अव्यवहारिक फैसले की वापसी

*21 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा विभाग ने अपने शिक्षकों को शराबबंदी कानून को लेकर शराब पीने वालों की धरपकड़, शराब आपूर्तिकर्ताओं की धरपकड़ करने के संबंध में कोई निर्देश जारी किया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त निर्देश जारी करने के बाद अब शिक्षकों के ऊपर छात्रों को पढ़ाने लिखाने के स्थान पर सरकार ने एक नई जिम्मेदारी दे दी है;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार के शिक्षक अब सरकार के इस निर्देश के बाद शराबबंदी कानूनी को सफल बनाने में अपना ध्यान लगाएंगे तथा इस संबंध में अब तक जो जिम्मेदारी पुलिस बल के जिम्मे थी वह अब शिक्षकों के कंधे पर आ जाएगी;

(घ) क्या यह सही है कि नये फरमान के जारी होने के बाद छात्रों का पठन-पाठन प्रभावित हो सकता है तथा शिक्षकों के लिए भी कई प्रकार की कठिनाइयां उत्पन्न हो जाएगी;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अपने इस अव्यवहारिक फैसले को वापस लेने पर विचार करेगी और नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्ति का विचार

*22 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पिछले 10-15 वर्षों से विद्यालयों में लिपिकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण सभी वित्तीय कार्यों का सम्पादन प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को करना पड़ता है, जिसके कारण पठन-पाठन प्रभावित होता है;

(ख) क्या यह सही है कि निदेशालय स्तर से ही पूरे राज्य में लिपिकों की सूचना मांगी गई थी किन्तु आजतक इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालयों में लिपिकों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है?

----

## नैक की मान्यता

*23 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) एक संस्थान है जो भारत के उच्च शिक्षा एवं अन्य शिक्षण संस्थानों का आकलन तथा प्रत्यायन (मान्यता) का कार्य करता है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के आठ विश्वविद्यालयों में से मात्र पटना विश्वविद्यालय को ही नैक की मान्यता प्राप्त है;

(ग) क्या यह सही है कि जिस विश्वविद्यालय की मान्यता समाप्त हो चुकी है उन्हें फिर से नैक में वी ग्रेड प्राप्त कर लेने के लिए यू.जी.सी. ने 2022 तक आवेदन करने का निर्देश दिया है;

(घ) क्या यह सही है कि नैक से मान्यता नहीं प्राप्त होने वाले विश्वविद्यालय को यू.जी.सी. से अनुदान प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि राज्य के बचे विश्वविद्यालय को नैक की मान्यता प्राप्त नहीं होने का क्या कारण है?

----

## कार्रवाई कब तक

***24 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **खान एवं भूतत्व** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि चालू वित्त वर्ष के 9 माह में सिर्फ 35 प्रतिशत राजस्व की वसूली हो पायी है;

(ख) क्या यह सही है कि खान एवं भूतत्व विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी राजस्व की वसूली में सुस्त एवं उदासीन हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने कर्तव्य के प्रति सुस्त एवं उदासीन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन सत्यापन कबतक

***25 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पंजाबी सिंह, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, एस०बी० कॉलेज, आरा को तृतीय वर्गीय कर्मचारी के पद पर प्रोन्नति दी गई है। उनका वेतन सत्यापन, कोषांग, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा कर दिया गया है। उन्हें तृतीय वर्ग का लाभ प्राप्त हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि श्री बिरेन्द्र कुमार श्री पंजाबी सिंह के समकालीन सहकर्मी हैं जिनका वेतन सत्यापन नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री बिरेन्द्र कुमार को श्री पंजाबी सिंह जैसा वेतन सत्यापन एवं सेवान्त लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुरस्कृत करने का विचार

***26 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई जिलों में सरकारी विद्यालय अपने सीमित संसाधनों के बावजूद बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इन विद्यालयों का रख-रखाव, इनकी स्वच्छता, पढ़ाई-लिखाई का स्तर, स्थानीय स्तर पर चर्चा के केन्द्र में है एवं अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के पास ऐसी कोई वयवस्था है कि सरकार इन उत्कृष्ट विद्यालयों को चिन्हित कर इनके संचालन के तौर तरीकों को एक मॉडल के रूप में विकसित करे ताकि इसे अन्य विद्यालयों में भी लागू किया जा सके जिससे ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय सरकार के ‘’मॉडल विद्यालय’’ के रूप में चिन्हित एवं प्रोत्साहित हो सकेंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन उत्कृष्ट विद्यालयों एवं इनके शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करना चाहती है?

----

## अनुदान राशि का भुगतान

***27 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के पताही प्रखंड के शिवशंकर उच्च विद्यालय, मिर्जापुर पताही में कार्यरत फाउंडर शिक्षकों को अनुदान की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके कारण शिक्षकों में भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के फाउंडर शिक्षकों के अनुदान की राशि के भुगतान का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति का विचार

***28 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सेवाशर्त नियमावली, 2020 के कंडिका 7 (2) के तहत उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 50 प्रतिशत पदों पर 4 वर्षों की लगातार सेवा करने के बाद ही माध्यमिक शिक्षक से भरे जाने का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि छठे चरण के शिक्षकों की नियुक्ति के उपरान्त सातवें चरण के लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ करने की योजना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छठे चरण के नियुक्त शिक्षकों तथा सातवें चरण प्रारंभ करने से पूर्व उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 50 प्रतिशत पर प्रोन्नति से भरने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वेतन विसंगति दूर

***29 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को शिक्षा विभाग के संकल्प – 1530 के अनुसार 01.07.2015 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को तीन साल पर तीन प्रतिशत वेतनवृद्धि कर वेतन निर्धारण किया गया जिसके कारण तीन साल के अंदर नियुक्त शिक्षकों का वेतन एक हो गया तथा कनीय का वेतन वरीय से ज्यादा हो गया;

(ख) क्या यह सही है कि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के पत्रांक – 610, दिनांक – 05.06.2014 तथा शुद्धि पत्र पत्रांक – 1649, दिनांक – 18.12.2014 द्वारा इन शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वार्षिक वेतनवृद्धि दी गई थी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 01.07.2015 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वार्षिक वेतनवृद्धि देकर वेतन विसंगति दूर करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## गूगल सर्वे पर पहल

*30 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार स्कूल शिक्षा और साक्षरता मंत्रालय द्वारा राज्य के शिक्षकों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कार्यों का गूगल सर्वे कराने वाली है;

(ख) क्या यह सही है कि गूगल सर्वे का मकसद शिक्षकों द्वारा गैर-शैक्षणिक कार्यों में कितना समय व्यतीत किया जा रहा है, इसका पता लगाने हेतु किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि फॉर्म-1 प्रधान या प्राचार्य द्वारा जबकि फॉर्म-2 प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा भराया जाना है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सदन के माध्यम से यह बताने की कृपा करेगी कि राज्य भर के विद्यालयों में गूगल सर्वे पर अबतक कितने शिक्षकों द्वारा पहल की गई है, नहीं तो क्यों?

----

## मदरसों को अनुदान

*31 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा निबंधित 2459+1 मदरसों की जांच विभागीय संकल्प संख्या – 1090, दिनांक – 24.11.1980 में निहित शर्तों के आलोक में जिला शिक्षा

पदाधिकारी द्वारा कराया जाएगा, तत्पश्चात जांचोपरान्त निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले मदरसों को सरकार द्वारा अनुदानित किया जाएगा;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि 2459+1 निबंधित मदरसों में से अबतक कितने मदरसों को अनुदानित किया गया है, कितने मदरसों को अनुदानित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है एवं इन्हें कबतक अनुदानित श्रेणी में कर दिया जाएगा?

----

## पास मार्क कबतक

*32 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि श्री गोविन्द कुमार, रौल कोड – 52312, रौल नं० – 1800246 एवं पंजीयन संख्या एवं वर्ष – 52312-00183-17 है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित अभ्यर्थी को ऑप्शनल विषय अंग्रेजी में मात्र 29 अंक प्राप्त हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित अभ्यर्थी द्वारा अंक बढ़ाने हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में आवेदन दिनांक – 11.02.2022 को दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त अभ्यर्थी द्वारा उत्कर्ष विद्यालय एण्ड जूनियर कॉलेज, विरार (वेस्ट), महाराष्ट्र में नामांकन लिया गया तथा उक्त कॉलेज के प्रधानाध्यापक द्वारा अंग्रेजी विषय में एक अंग ग्रेस लेकर आने के लिए कहा गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (ख) में वर्णित विषय में मात्र 01 (एक) अंक बढ़ाकर कुल अंक 30 (तीस) अर्थात पास मार्क करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*33 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूरे राज्य के विद्यालयों की भूमि का चहारदीवारी के अभाव में असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्यालयों की भूमि पर चहारदीवारी का निर्माण एवं विद्यालयों को अतिक्रमण मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----